सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority

अग्रहायण 22, सोमवार, शाके 1943-दिसम्बर 13, 2021
Agrahayana 22, Monday , Saka 1943- December 13, 2021

भाग 6 (ख)

जिला बोर्डो, परिषदों एवं नगर आयोजना संबंधी, विज्ञप्तियां आदि।

नगरीय विकास विभाग

अधिसूचना

जयपुर, दिसम्बर 10, 2021

संख्या प.10(3)**नविवि**/3/85 **:-**राजस्थान नगर सुधार अधिनियम, **1959** के अधीन बनाये गये राजस्थान नगर सुधार (सामान्य) नियम**, 1962** के नियम **4** के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा **7** के अनुसरण में विभागीय अधिसूचना दिनांक **16.05.2013** द्वारा अधिसूचित झुन्झुनूं के नगरीय क्षेत्र के लिए तैयार किये गये मास्टर प्लान **2031** का अनुमोदन किया जा चुका है। नगर परिषद**,** झुन्झुनूं की बोर्ड बैठक दिनांक **26.10.2021** में परिषद के क्षेत्राधिकार में तैयार किये गये जोनल डवलपमेंट प्लान के संबंध में एवं परिषद के बोर्ड द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि झुन्झुनूं मास्टर प्लान **2031** में मौके पर किये गये निर्माण के मध्यनजर मास्टर प्लान में संशोधन किया जाना अपेक्षित है। उपरोक्तानुसार परिषद की बोर्ड बैठक दिनांक **26.10.2021** में लिये गये निर्णय एवं परिषद के प्रस्ताव अनुसार झुन्झुनूं मास्टर प्लान **2031** में प्रस्तावित संशोधनों का अनुमोदन कर दिया गया है।

उक्त झुन्झुनूं मास्टर प्लान **2031** (संशोधित) की प्रति का अवलोकन नगर परिषद**,** झुन्झुनूं के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में किया जा सकता है।

राज्यपाल की आज्ञा से,
नवनीत कुमार,
संयुक्त शासन सचिव-द्वितीय।

2543
राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।